सोमवार, 4 नवम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 33 – 23 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 5:43 | सूर्यास्त: 16:57 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष तृतीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : इंसान वो होता है जो दूसरों को अपनी मुस्कुराहट देकर उसका दिल जीत ले।




भारत की शर्मनाक हार, न्यूजीलैंड ने 3–0 से क्लीन स्वीप करके रचा इतिहास –पृष्ठ 8


RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


**संविधान की रक्षा राष्ट्र की प्रमुख लड़ाई : राहुल गांधी** (पृष्ठ 7)

## देश से मार्च 2026 तक नक्सलवाद का सफाया कर दिया जायेगा: अमित शाह



### झारखंड में भाजपा का संकल्प पत्र जारी, आदिवासी संस्कृति, नारी शक्ति और स्वरोजगार पर फोकस

**रांची :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गठबंधन पर ''नक्सलवाद को बढ़ावा देने'' का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार मार्च 2026 तक देश से इस खतरे को खत्म कर देगी। शाह ने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) झारखंड में सरकार बनायेगा और दावा किया कि हाल में हुए लोकसभा चुनाव के आधार पर यह गठबंधन 81 विधानसभा सीट में से कम से कम 52 सीट जीतेगा। चतरा जिले के सिमरिया में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''यह झारखंड से दलित विरोधी, आदिवासी विरोधी, गरीब विरोधी और युवा विरोधी हेमंत सरकार को हटाने का समय है, जो राजनीतिक फायदे के लिए नक्सलवाद को बढ़ावा दे रही है।'' उन्होंने कहा, ''हमने पिछले पांच वर्षों में झारखंड से इस खतरे को उखाड़ फेंका है और अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार मार्च, 2026 तक भारत से नक्सलवाद का सफाया कर देगी।'' सोरेन सरकार पर गरीबों और आदिवासियों के लिए निर्धारित निधि को हड़पने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने पर झारखंड के सभी भ्रष्ट नेताओं को सलाखों के पीछे डाल देगी। शाह ने कहा, ''हाल के लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने गठबंधन को 47 प्रतिशत वोट दिए थे, इसलिए राजग झारखंड में 81 में से 52 सीट जीतेगा।'' उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने 14 में से नौ संसदीय सीट राजग को दी थीं और गठबंधन के पक्ष में कुल 80 लाख वोट पड़े थे। राज्य में 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

### झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेगी भाजपा, जनजातीय समुदाय दायरे से बाहर रखे जाएंगे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को घोषणा की कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड में सत्ता में आई तो राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी, लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। शाह ने झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र– 'संकल्प पत्र' जारी करते हुए घोषणा की कि राज्य में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों का पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा। शाह ने रांची में कहा, ''हमारी सरकार झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेगी, लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। (राज्य में) झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) सरकार इस झूठ का प्रचार कर रही है कि समान नागरिक संहिता से आदिवासियों के अधिकार के अलावा उनकी संस्कृति प्रभावित होगी। यह पूरी तरह निराधार है, क्योंकि उन्हें इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा।'' उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनजातीय समुदाय के अधिकारों पर कोई असर न पड़े।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही झारखंड की झामुमो नीत सरकार

पूर्वी सिंहभूम जिले में घाटशिला के धालभूमगढ़ में भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि राज्य में आदिवासी आबादी घट रही है, क्योंकि हेमंत सोरेन सरकार ''बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपना वोट बैंक'' मानती है। उन्होंने आरोप लगाया, ''बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण झारखंड में, विशेषकर संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों में आदिवासी आबादी में भारी गिरावट आ रही है। झामुमो–कांग्रेस–राजद गठबंधन राजनीतिक फायदे के लिए इसे बढ़ावा दे रहा है।'' शाह ने कहा, ''हमारी 'माटी, बेटी, रोटी' पर हमला हो रहा है। भाजपा इसे जारी नहीं रहने देगी...हम आदिवासियों की जमीन को घुसपैठियों को हस्तांतरित होने से रोकने के लिए सख्त कानून लाएंगे। हम उनके द्वारा हड़पी गई जमीन भी वापस ले लेंगे और उन्हें बाहर निकाल देंगे।''

### अडानी ने बांग्लादेश को दी चेतावनी, 7 नवंबर तक बकाया पेमेंट नहीं किया तो काट दी जाएगी पूरी बिजली

**नई दिल्ली :** बांग्लादेश में बिजली का संकट गहरा सकता है। अडानी ग्रुप ने बांग्लादेश से कहा है कि वह 7 नवंबर तक बकाया पेमेंट करे। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो अडानी पावर बांग्लादेश को बिजली की सप्लाई बंद कर देगा। ऐसा होने पर बांग्लादेश में बिजली का संकट पैदा हो सकता है। फिलहाल अडानी पावर ने बांग्लादेश की आधी सप्लाई रोक दी है। अडानी पावर बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति करता है। बांग्लादेश पर अडानी पावर का 850 मिलियन डॉलर (करीब 7200 करोड़ रुपये) बकाया है। इस रकम को मांगने के लिए अडानी पावर ने कई बार बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत की लेकिन कोई हल नहीं निकला। ऐसे में अडानी ने बिजली सप्लाई काटने की बात कही है।

## जम्मू कश्मीर: श्रीनगर में ग्रेनेड हमले में 11 लोग घायल



**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर शहर में रविवार को आतंकवादियों ने भीड़–भाड़ वाले एक बाजार के निकट केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के बंकर की ओर ग्रेनेड फेंका, जिससे 11 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला पर्यटक स्वागत केंद्र (टीआरसी) के निकट स्थित आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र परिसर के पास हुआ, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। सुरक्षा बलों द्वारा श्रीनगर के खानयार इलाके में लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर को मार गिराये जाने के एक दिन बाद यह हमला हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों ने टीआरसी के पास सीआरपीएफ के बंकर की ओर ग्रेनेड फेंका। उन्होंने कहा, ''हालांकि, ग्रेनेड लक्षित निशाने को चूक गया और सड़क किनारे गिरा, जिससे 11 लोग घायल हो गए।'' यह विस्फोट साप्ताहिक बाजार के नजदीक हुआ, जिसे रविवार बाजार के नाम से जाना जाता है, जहां हजारों लोग आते हैं। विस्फोट से इलाके में दहशत फैल गई और दुकानदारों को छिपने के लिए इधर–उधर भागना पड़ा। अधिकारी ने कहा कि यह हमला शनिवार को लश्कर–ए–तैयबा कमांडर के मारे जाने के बाद आतंकवादियों की हताशा का नतीजा है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमले की निंदा की।

### आतंकवादियों को दंडित करने के लिए जो किया जा सकता है, वो करें सुरक्षा अधिकारी : मनोज सिन्हा

जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ग्रेनेड हमले के मद्देनजर रविवार को केंद्र शासित प्रदेश के शीर्ष पुलिस अधिकारियों और अन्य सुरक्षा अधिकारियों को आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने का निर्देश दिया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, उपराज्यपाल ने श्रीनगर में ग्रेनेड हमले के संबंध में डीजीपी नलिन प्रभात और सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों से बात की। उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों को आतंकवादियों और उनके सहयोगियों को दंडित करने के लिए प्रभावी व सशक्त प्रतिक्रिया के निर्देश दिए। उपराज्यपाल ने जोर देकर कहा कि आम लोगों पर हमला करने वाले आतंकवादियों को बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा, आपको आतंकवादी संगठनों को कुचलने की पूरी आजादी है और इस मिशन को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए।

## एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से 94,000 करोड़ रुपये निकाले

**नयी दिल्ली :** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से 94,000 करोड़ रुपये (करीब 11.2 अरब अमेरिकी डॉलर) निकाले हैं। इस तरह यह एफपीआई की निकासी के मामले में सबसे खराब महीना रहा है। घरेलू बाजारों में ऊंचे मूल्यांकन तथा चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाल बने हुए हैं। इससे पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मार्च, 2020 में शेयरों से 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे। एफपीआई ने इस ताजा निकासी से पहले सितंबर में शेयरों में 57,724 करोड़ रुपये डाले थे। यह उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर था। अप्रैल–मई में 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे थे। मॉर्निंगस्टार इन्–वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि भविष्य में भू–राजनीतिक घटनाक्रम, ब्याज दरों में उतार–चढ़ाव, चीनी अर्थव्यवस्था में प्रगति और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे जैसे वैश्विक घटनाक्रम भारतीय शेयरों में विदेशी निवेश को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का रुख, कंपनियों के तिमाही नतीजे और त्योहारी मांग के आंकड़ों पर एफपीआई की निगाह रहेगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने अक्टूबर में 94,017 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। पूरे महीने में सिर्फ एक दिन एफपीआई लिवाल रहे हैं। इस तरह 2024 में शेयरों में उनका कुल निवेश घटकर 6,593 करोड़ रुपये रह गया है। एफपीआई की बिकवाली की वजह से प्रमुख सूचकांक अपने शीर्ष स्तर से काफी नीचे आ गए हैं।

### जमीयत ने तेदेपा, जद(यू) को चेताया, कहा: वक्फ विधेयक पारित हुआ तो वे भी जिम्मेदारी से बच नहीं पाएंगी

**नयी दिल्ली :** वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए जमीयत उलेमा–ए–हिंद (एएम) ने रविवार को तेदेपा के चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यूनाइटेड) के नीतीश कुमार से इस मामले में मुसलमानों की भावनाओं पर ध्यान देने की गुजारिश की और कहा कि राजग में शामिल जो दल खुद को धर्मनिरपेक्ष बताते हैं, उन्हें इस खतरनाक विधेयक के समर्थन से दूर रहना चाहिए। जमीयत (एएम) के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने यहां आयोजित 'संविधान बचाओ सम्मेलन' को संबोधित करते हुए दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी राजनीति और सांप्रदायिक नीतियों की वजह से लोकसभा चुनाव में बहुमत का आकंड़ा नहीं छू पायी और वह तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) एवं जनता दल (यूनाइटेड) की बैसाखी से सरकार बना पायी।

## वाट्सएप का बड़ा एक्शन, भारत में बैन किए 85 लाख से ज्यादा अकाउंट

**नई दिल्ली :** वाट्सएप ने भारत में नीतियों का उल्लंघन सामने आने पर सितंबर में 85 लाख से अधिक बैड अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया। नए आइटी नियम 2021 के तहत इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म की मासिक अनुपालन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एक से 30 सितंबर के बीच कंपनी ने 85 लाख से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगा दिया और उपयोगकर्ताओं की किसी भी रिपोर्ट से पहले इनमें से 16 लाख से अधिक खातों पर सक्रिय रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया।मोबाइल मैसेजिंग प्लेटफार्म के भारत में 60 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। कंपनी को देशभर से 8,161 शिकायतें प्राप्त हुईं और इनमें 97 पर एक्शन लिया गया। एक्शन लिए गए अकाउंट का मतलब उन शिकायतों से है, जहां वाट्सएप ने उपचारात्मक कार्रवाई की। वाट्सएप के अनुसार, शिकायत अपीलीय समिति से दो आदेश मिले थे जिनका अनुपालन किया गया।कंपनी ने कहा कि हम अपने काम में पारदर्शिता जारी रखेंगे और भविष्य की रिपोर्टों में अपने प्रयासों के बारे में जानकारी शामिल करेंगे।

## डिजिटल अरेस्ट: ईडी ने आरोपपत्र दाखिल किया, साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने परामर्श जारी किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोगों से 'डिजिटल अरेस्ट' के खतरे से बचने का आग्रह किए जाने के तुरंत बाद, जांच एजेंसियों ने कहा कि वे साइबर अपराध की इस श्रेणी के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं जिसके तहत जहां प्रवर्तन निदेशालय ने ऐसे ही एक मामले में आरोप पत्र दाखिल किया, वहीं भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने नया परामर्श जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि उसने पिछले माह बेंगलुरु में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष आठ आरोपियों के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की, जिन्होंने कथित तौर पर धोखेबाजी वाले ऐप के माध्यम से ''फर्जी'' आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आवंटन और शेयर बाजार में निवेश के माध्यम से आम लोगों को ''लुभाया'' था। ईडी ने कहा, ''जांच में पाया गया कि भारत में साइबर घोटालों का एक बहुत बड़ा नेटवर्क है, जिसमें फर्जी शेयर बाजार निवेश और ''डिजिटल अरेस्ट'' शामिल हैं, जिन्हें मुख्य रूप से 'फेसबुक', 'इंस्टाग्राम', 'व्हॉट्सऐप' और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच के जरिए अंजाम दिया जाता है।'' इसने कहा, ''पिग बुचरिंग घोटाले के नाम से प्रचलित शेयर बाजार निवेश घोटाले, फर्जी वेबसाइट और भ्रामक व्हॉट्सऐप समूहों का उपयोग करके उच्च मुनाफे का लालच देकर लोगों को लुभाते हैं। ये भ्रामक व्हॉट्सऐप समूह देखने से ऐसा लगता है कि ये प्रतिष्ठित वित्तीय कंपनियों से जुड़े हैं।''

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता 382 दर्ज, देश में सबसे खराब



**नयी दिल्ली :** दिल्ली में रविवार को समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382 दर्ज किया गया, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। यह देश में वायु गुणवत्ता का सबसे खराब स्तर था। आंकड़े के अनुसार, दिल्ली के 15 निगरानी स्टेशन में वायु गुणवत्ता का स्तर को 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया, जहां एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में अब तक रात का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया क्योंकि सुबह और शाम के समय घने कोहरा और धुंध छाई रही। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.2 डिग्री कम है। राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382 दर्ज किया गया, जबकि पिछले दिन यह 316 रहा था। दिल्ली के आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना, द्वारका, जहांगीरपुरी, मुंडका, एनएसआईटी द्वारका, नजफगढ़, नेहरू नगर, ओखला फेज 2, पटपड़गंज, पंजाबी बाग, रोहिणी, वजीरपुर और विवेक विहार में एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। देश के अन्य हिस्सों एक्यूआई कई जगह 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया, हालांकि वहां एक्यूआई तब भी राजधानी से बेहतर है। तेलंगाना के बहादुरपुरा में वायु गुणवत्ता 335, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 302, नोएडा में 313 और हरियाणा के सोनीपत में 321 रहा। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बेहद खराब', 401 से 450 के बीच 'गंभीर' और 450 से ऊपर एक्यूआई को 'बेहद गंभीर' माना जाता है।


### योगी सरकार के नाम बड़ी उपलब्धि, टीबी की पहचान कर इलाज करने में प्रदेश को मिला पहला स्थान

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के योगी सरकार को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) के मरीजों की पहचान करके उनका इलाज करने के मामले में उत्तर प्रदेश को पहला स्थान मिला है। वहीं महाराष्ट्र दूसरे और बिहार तीसरे स्थान पर हैं। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश को 6.5 लाख मरीज खोजने का लक्ष्य था। इसमें 31 अक्तूबर तक प्रदेश में 5.59 लाख टीबी मरीजों की पहचान की जा चुकी है। इसमें करीब दो लाख से ज्यादा मरीजों की पहचान प्राइवेट डॉक्टरों ने की है।

### भारत पर 3–0 से ऐतिहासिक जीत के बाद लैथम ने कहा, घर पहुंचने पर जीत की खुशी ज्यादा होगी

**मुंबई :** भारत के खिलाफ श्रृंखला में 3–0 की ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने रविवार को कहा कि इस उपलब्धि की अहमियत उन्हें घर लौटने पर ही महसूस होगी। बेंगलुरू में पहले टेस्ट में भारत को आठ विकेट से हराने के बाद न्यूजीलैंड ने पुणे और मुंबई में स्पिन के अनुकूल पिचों पर क्रमश: 113 रन और 25 रन से जीत दर्ज की। लैथम ने यहां मीडिया से कहा, ''यह एक बड़ी उपलब्धि है। पहले टेस्ट के बाद यह निश्चित रूप से काफी विशेष जीत थी। फिर श्रृंखला जीतना तो और भी खास है।'' उन्होंने कहा, ''हमने यहां जितना संभव हो सके उतना अनुकूल होने की कोशिश की और मैं 3–0 से श्रृंखला जीतने को कभी नहीं भूलूंगा।'' (पृष्ठ 8)

## भारत विकास के पथ पर अग्रसर, दुनिया के साथ बढ़ना चाहता है आगे : जयशंकर



**ब्रिसबेन :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत विकास के पथ पर अग्रसर है और दुनिया के साथ आगे बढ़ना चाहता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशों में भारत के साथ काम करने की सदिच्छा और भावना है। जयशंकर दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में आज यहां पहुंचे। वह सिंगापुर भी जायेंगे। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, ''नमस्ते ऑस्ट्रेलिया! आज ब्रिसबेन पहुंच गया हूं। भारत–ऑस्ट्रेलिया मित्रता को आगे बढ़ाने के लिए अगले कुछ दिनों में सकारात्मक बातचीत की उम्मीद है।'' यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, ''भारत बढ़ेगा। भारत बढ़ रहा है और भारत दुनिया के साथ बढ़ना चाहता है।'' उन्होंने कहा कि जब भारत विश्व की ओर देखता है तो उसे अवसर नजर आते हैं। जयशंकर ने कहा, ''हम आशावादी हैं। कुछ समस्याएं हो सकती हैं लेकिन कुल मिलाकर, हमें लगता है कि दुनिया में भारत के साथ काम करने की सदिच्छा और भावना है। हम दुनियाभर में भारत की सफलता के लिए एक भावना देखते हैं।'' उन्होंने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग के अनेक मौके हैं। उन्होंने कहा, ''आज विदेशों में भारतीयों की छवि, बेहतर तौर पर शिक्षित, व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार, कार्यनीत की छवि है...मुझे लगता है कि आज इन सभी का संयोजन हमें वैश्विक कार्यस्थल में बहुत ही आकर्षक बनाता है।'' उन्होंने कहा, ''और मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि उस ब्रांड को विकसित किया जाए, उन कौशलों को पोषित किया जाए... और फिर मैं इस बात पर जोर देता हूं कि आप जानते हैं कि यह युग एआई, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, चिप का है और इसके लिए वैश्विक कार्यबल की आवश्यकता होगी।'' अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के चौथे वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे। वह कैनबरा में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के साथ 15वें विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता (एफएमएफडी) की सह–अध्यक्षता भी करेंगे। वह ऑस्ट्रेलियाई संसद भवन में आयोजित होने वाले द्वितीय 'रायसीना डाउन अंडर' के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण देंगे। उनका ऑस्ट्रेलियाई नेतृत्व, सांसदों, व्यापारिक समुदाय, मीडिया और प्रबुद्ध वर्ग के साथ भी बातचीत करने का कार्यक्रम है।




## हमारी जागरूकता से थमेगा प्रदूषण संकट

पहले से ही उम्मीद थी कि दीपावली के बाद प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होगी, वैसा हुआ भी। पहले से ही दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का संकट बढ़ा हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बार-बार हमारा ध्यान खींचती रहीं। पिछले दिनों खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के हैं। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिये जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, इस मौसम में हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि सिर्फ सरकारी प्रयासों से ही प्रदूषण की समस्या का समाधान संभव नहीं है। यह स्थिति तभी बदलेगी जब लोगों की तरफ से भी ईमानदार पहल होगी। अब चाहे बात राष्ट्रीय सरोकारों की हो, पानी संकट की हो या फिर प्रदूषण की हो। जब नागरिकों को अहसास होगा कि बिना पटाखे छुड़ाए भी खुशी मनायी जा सकती है तो हम समाज के लोगों, जीव-जंतुओं व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकेंगे। बात तब बनेगी जब हम बच्चों के पाठ्यक्रम में यह बात शामिल करेंगे कि उनके भविष्य के लिये पर्यावरण, पानी व हवा की रक्षा कितनी जरूरी है। बच्चों को अहसास कराएं कि जिस तरह से बड़े लोग पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं, उससे उनके भविष्य के लिये पानी का संकट गहरा हो जाएगा। इसके लिये टीवी, प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाये जा सकते हैं। इस अभियान में सूचना माध्यमों की भी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

दरअसल, ग्रीन ट्रिब्यूनल या अन्य प्रदूषण नियंत्रक संस्थाएं अकसर राज्यों के सचिवों व अधिकारियों को दंडित करने की बात करती हैं, लेकिन इससे समस्या का समाधान संभव नहीं है। दरअसल, जब तक नागरिकों व किसानों को जागरूक -जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक स्थिति में बदलाव संभव नहीं है। हम भूल जाते हैं कि इस संकट को बढ़ाने में राजनीति की बड़ी भूमिका है। किसानों के मुद्दों को जोरशोर से उठाकर श्रेय लेने वाले राज-नेताओं की जवाबदेही तय होनी चाहिए। दरअसल, बंपर पैदावार का श्रेय लेने वाले राजनेता तब कहां चले जाते हैं जब पराली जलाने का संकट पैदा होता है? सही मायनों में जहां पराली जलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं, वहां क्षेत्र के विधायकों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए कि वे क्षेत्र के किसानों को जागरूक क्यों नहीं कर पाते। क्यों वे पराली के निस्तारण के वैकल्पिक संसाधन उपलब्ध कराने में किसानों का सहयोग नहीं करते? विडंबना यही है कि वे वोट की राजनीति के प्रलोभन में पराली जलाने के खिलाफ आवाज उठाने में चुप्पी साध लेते हैं। उनके खिलाफ भी तो लापरवाही के मामले दर्ज होने चाहिए। वहीं यह भी हकीकत है कि प्रदूषण संकट के मूल में सिर्फ पराली समस्या ही नहीं है। हमारी उपभोक्ता संस्कृति, वाहनों का अंबार, सार्वजनिक यातायात सुविधा का पर्याप्त न होना, अनियोजित निर्माण कार्य, जीवाश्म ईंधन का प्रयोग तथा कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न होना भी प्रदूषण संकट के मूल में है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने, शैक्षिक पाठ्यक्रम में प्रदूषण-पर्यावरण के मुद्दे शामिल करने तथा तंत्र की जवाबदेही तय करना प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि हम ऐसा करें तो साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण संकट पर किसी तरह लगाम लगाने में हम कामयाब हो सकते हैं। साथ ही हर साल वायु प्रदूषण से होने वाली लाखों मौतों को हम रोक पाने में कामयाब हो सकते हैं। शासन को भी आग लगने पर कुआं खोदने की मानसिकता से बचना होगा और दूरगामी प्रभावों वाली नीतियां लागू करनी होंगी।

## एमएसपी से किसानों को भरोसा देने की कोशिश



अमित बैजनाथ गर्ग

हाल ही में केंद्र सरकार ने छह रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है। यह वृद्धि न्यूनतम 130 रुपए एवं अधिकतम तीन सौ रुपए प्रति क्विंटल है। गेहूं के एमएसपी में 150 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि कर 2425 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। सबसे ज्यादा वृद्धि रेपसीड और सरसों के दाम में हुई है। इसमें प्रति क्विंटल तीन सौ रुपए बढ़ाया गया है। इसी तरह मसूर के दाम में 275 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। सरकारी दर पर रबी फसलों की खरीद-बिक्री का सत्र अप्रैल, 2025 से शुरू होगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना हो चुकी है, जिसकी मांग किसानों की ओर से लगातार हो रही थी। सरकार की ओर से एमएसपी में अब तक 23 फसलों को शामिल किया जा चुका है। असल में एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा!

सबसे पहले एमएसपी को समझने की कोशिश करते हैं। एमएसपी सरकार द्वारा किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। इसका मकसद किसानों को उनकी फसल पर कम से कम एक निश्चित राशि देना है। एमएसपी की वजह से किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है। एमएसपी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी। एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी की गणना के लिए सीएसीपी खेती की लागत को तीन हिस्सों में बांटता है। इसमें फसल उत्पादन के लिए किसानों के नकदी खर्च के साथ-साथ पारिवारिक श्रम का भी हिसाब लगाया जाता है। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है।

असल में एमएसपी को लेकर किसानों ने कई बार आंदोलन किया है। वे हर फसल को एमएसपी पर खरीदने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए पिछली बार उन्होंने लगभग सभी फसलों की एक सूची सरकार को सौंपी थी। किसान संगठन कहते हैं कि सरकार फसलों के विविधीकरण पर जोर दे रही है, लेकिन ये सरकार के रुख पर निर्भर करता है। किसान चाहते हैं कि सरकार तमाम फसलों के लिए जो एमएसपी घोषित करती है, उसकी गारंटी दी जाए। अगर सरकार ये गारंटी देती है, तो फसलों का विविधीकरण अपने-आप हो जाएगा। अगर दलहन और तिलहन बेचने से किसान को ज्यादा मुनाफा होगा, तो वो धान और गेहूं क्यों पैदा करेगा। सरकार और इस देश के बुद्धिजीवी चाहते हैं कि फसलों का विविधीकरण हो। ये अच्छी बात है, लेकिन किसानों को ये गारंटी तो मिले कि उसकी फसलें एमएसपी पर बिकेंगी।

एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी कि जब फसलों की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए, तो सरकार इसकी भरपाई करे। वहीं किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसलों को पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। किसानों को फल, सब्जी, मवेशी और मछली पालन के लिए बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की आड़ में किसानों को कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। ये कंपनियां कॉन्ट्रैक्ट तोड़ देती हैं और किसानों को घाटा उठाना पड़ता है। इससे किसान कर्ज में डूब जाता है और कई मामलों में आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाता है।

वहीं कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी व्यवस्था का दबदबा इस सेक्टर में इनोवेशन को हतोत्साहित करेगा। इससे किसान सरकारी व्यवस्था पर निर्भर होकर रह जाएंगे और जोखिम लेने से डरेंगे, इसलिए किसानों को चावल-गेहूं की एमएसपी खरीद के चक्र से छुटकारा दिलाने की जरूरत है। एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का अहित करेगी।

> **एमएसपी की कानूनी गारंटी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को शोषण से बचाया जा सकेगा। उन्हें बिचौलियों, कमीशन एजेंटों और सरकारी अधिकारियों पर निर्भरता से भी बचाना होगा।**

उनका दावा है कि अगर स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक फसलों के दाम बढ़ेंगे, तो खाद्य वस्तुओं के दाम 25 से 30 फीसदी बढ़ जाएंगे और सरकार के लिए महंगाई नियंत्रण बेहद कठिन हो जाएगा। वहीं किसानों का कहना है कि उनकी फसल की पूरी खरीद की जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। किसान जितनी फसल पैदा करेंगे, उसकी एमएसपी पर पूरी खरीद सरकार और उसकी एजेंसियों को करनी होगी। ऐसा करने से ही किसानों का भला होगा और फसलों का विविधीकरण भी पूरा हो जाएगा। सरकार को अपने फैसले किसानों को ध्यान में रखकर ही लेने होंगे।

इधर, कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा आत्मनिर्भरता देश के स्थायित्व और सम्मान का विषय है। एमएसपी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ खुले बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप तंत्र भी साबित हुआ है। आयात द्वारा खाद्य सुरक्षा कतर, बहरीन आदि जैसे कम आबादी और मजबूत औद्योगिक आर्थिक आधार वाले देशों के लिए एक व्यवहार्य मॉडल हो सकता है। उनका दावा है कि ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका प्रतिस्पर्धी कीमतों पर दुनिया के बाकी देशों के लिए गेहूं का उत्पादन और निर्यात कर सकते हैं, लेकिन तब कृषि गतिविधियों से जुड़े भारतीयों सहित दुनिया की आधी आबादी बेरोजगार हो जाएगी। उनका कहना है कि कुछ मामलों में आयात की पक्षपातपूर्ण सरकारी नीति ने देश में तिलहन किसानों और खाद्य तेलों के उद्योगों को हानि पहुंचाई है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में ऐसी नीतियों से बचना चाहिए।

इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल रिलेशंस-ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (आईसीआरआईईआर-ओईसीडी) का एक अध्ययन बताता है कि खेती की कीमतों को कृत्रिम रूप से कम रखने की पक्षपाती सरकारी नीतियों के कारण देश के किसान वर्ष 2000 के बाद से लगातार घाटा उठा रहे हैं, जिसने किसानों को लगातार गरीबी रेखा से नीचे रखा हुआ है। रिपोर्ट आगे कहती है कि पक्षपातपूर्ण सरकारी नीतियों और कृषि कीमतों के कारण देश के किसानों को वर्ष 2022 में 14 लाख करोड़ रुपए और 2000-2017 के दौरान 2017 की कीमतों पर 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इन पक्षपाती सरकारी नीति आधारित शोषण के कारण ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। वहीं सरकार कहती है कि 2022-23 में किसानों से 60 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक धान और 26 मिलियन मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई और करोड़ों रुपए हस्तांतरित किए गए।

इस बारे में कृषि विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर कहते हैं कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को बिचौलियों से शोषण से बचाया जा सकेगा। इससे उन्हें बेहतर कृषि उत्पादन प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही यह उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए हस्तक्षेप तंत्र के साथ बाजार मुद्रास्फीति के हेरफेर को नियंत्रित करेगी, जैसा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकार द्वारा खरीदी गई कृषि उपज को खुले बाजारों में बेचकर नियमित रूप से किया जा रहा है। एमएसपी कानूनी गारंटी तिलहन-दालों सहित सभी कृषि वस्तुओं में आत्मनिर्भरता के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, जो ज्यादा पानी और संसाधनों की ज्यादा खपत वाले अनाज फसलों के उत्पादन की तुलना में किसानों के लिए अधिक लाभदायक होगी।

असल में एमएसपी के साथ प्रमुख समस्या गेहूं और चावल को छोड़कर सभी फसलों की खरीद के लिए सरकारी मशीनरी की कमी है। गेहूं और चावल को भारतीय खाद्य निगम पीडीएस के तहत सक्रिय रूप से खरीदता है। कई राज्य सरकारें संपूर्ण अनाज की खरीद करती हैं, ऐसे राज्यों में किसानों को अधिकतम लाभ होता है, जबकि कम खरीद करने वाले राज्यों के किसान प्रायः प्रतिकूल रूप से प्रभावित होते हैं। सीएसीपी ने अपनी मूल्य नीति रिपोर्ट में एमएसपी पर एक कानून बनाने का सुझाव दिया था। ऐसा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक बताया गया था। उसका कहना था कि सरकार को कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे लोगों द्वारा प्रोटीन, विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन किया जा सके। ऐसा करने के लिए धान और गेहूं के एमएसपी को फ्रीज कर दिया जाए। इसके अलावा उनकी खरीद को प्रति किसान के हिसाब से सीमित कर दिया जाना चाहिए। वहीं किसानों को बिचौलियों, कमीशन एजेंटों और खरीद करने वाले सरकारी अधिकारियों पर निर्भरता से बचाना चाहिए, ताकि उनका शोषण रोका जा सके।

-वरिष्ठ पत्रकार

## मुफ्त के वादों से हिलने लगी है लोकतंत्र की बुनियाद



बाल मुकुन्द ओझा

चुनावों के दौरान सियासी पार्टियां वोटरों को लुभाने के लिए तरह तरह के वादे और प्रतिवादे करती है। सरकार बनने के बाद चुनावी वादे पूरा करने में पार्टियों के पसीने छुट जाते है। कई राज्यों की अर्थव्यवस्था तो चौपट तक हो जाती है जिसके कारण सम्बध सरकारों को अपने कर्मचारियों के वेतन आदि चुकाने के लाले पड़ जाते है। हाल ही एक चुनावी गारंटी की योजना पर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे को कहना पड़ा कि ऐसे वादे नहीं करे जो बाद में पूरे नहीं किये जा सकते। इससे सरकार को दिवालियेपन का सामना करना पड़ सकता है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर हैशटैग कांग्रेस के झूठे वादे के साथ पोस्ट की एक श्रृंखला में कहा कि पूरे भारत में यह अहसास बढ़ रहा है कि कांग्रेस को वोट देना गैर-शासन, खराब अर्थव्यवस्था और बेमिसाल लूट के लिए वोट है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तथाकथित गारंटी अधूरी है, जो इन राज्यों के लोगों के साथ भयानक धोखा है। खड़गे और मोदी के वार पलटवार से देश की सियासत गरमा उठी और चुनावी वादों बनाम रेवड़ी कल्चर का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया। गौरतलब है हरियाणा और जम्मू कशमीर के बाद महाराष्ट्र और झारखण्ड विधान सभा चुनावों में एक बार फिर रेवड़ी कल्चर की गूंज सुनाई देने लगी है। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता मुफ्त उपहार के वायदों की बरसात करते हैं, उससे एक नया शब्द रेवड़ी कल्चर भी जुड़ गया है। रेवड़ी कल्चर को चुनावों में जीत की गारंटी माना जाने लगा है। महाराष्ट्र और झारखण्ड के विधानसभा चुनावों में मुफ्त की बारिश हो रही है। राजनैतिक पार्टियों द्वारा मत हासिल करने के लिए राजकीय कोष से मुफ्त सुविधाएं देने का प्रकरण सियासी हलकों में गर्माने लगा है। देश की प्रबुद्ध जमात का मानना है इससे हमारे लोकतंत्र की बुनियाद हिलने लगी है। राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों के दौरान इस तरह के वादे करने का चलन लगातार बढ़ता ही जा रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक पार्टियां आम लोगों से अधिक से अधिक वायदे करती हैं। इसमें से कुछ वादे मुफ्त में सुविधाएं या अन्य चीजें बांटने को लेकर होती हैं। यह देखा गया है कुछ सालों से देश की चुनावी राजनीति में मुफ्त बिजली-पानी, मुफ्त राशन, महिलाओं को नकद राशि, सस्ते गैस सिलेंडर आदि आदि अनेक तरह की घोषणाओं का चलन बढ़ गया है। विशेषकर चुनाव आते ही वोटर्स को लुभाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। हरियाणा और जम्मू कशमीर के चुनाव इसके ज्वलंत उदाहरण है। मुफ्त का मिल जाये तो उसका जी भर उपयोग करना। ये मुफ्त की नहीं है अपितु जनता के खून पसीनें की कमाई है जो राजनीतिक दलों और सरकारों द्वारा दी जा रही है ताकि चुनाव की बेतरणी आसानी से पार की जा सके। देश के प्रधानमंत्री रेवड़ी कल्चर का विरोध कर चुके है मगर चुनावों में उनकी पार्टी भाजपा सहित कांग्रेस और आप सहित सभी पार्टियां रेवड़ी कल्चर में डुबकियां लगा रही है।

देखा गया है चुनावों में सभी दल लोकलुभावन वादों के जरिए दूसरे दलों से आगे निकलने की जुगत में हैं। आम आदमी पार्टी मुफ्त सुविधाएं देने के वादों में सबसे आगे है। यह पार्टी मतदाताओं को मुफ्त बिजली पानी आदि लुभावनी घोषणाएं कर दिल्ली और पंजाब में सत्ता हासिल कर चुकी है। जिन्हें मुफ्त की योजनाएं मिल रही हैं वो कहते हैं कि फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर सही है, लेकिन जो टैक्सपेयर हैं और जिनकी कमाई का कुछ हिस्सा टैक्स में जाता है वो इसे गलत बताते हैं। पिछले अनेक चुनावों में मुफ्त उपहार और सुविधाएं देने की एक परंपरा सी पड़ गई। मतदाता भी ऐसी घोषणाओं का इंतज़ार करते है जो किसी भी स्थिति में लोकतंत्र के हितकारी नहीं कहा जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई एक जनहित याचिका में ऐसे राजनीतिक दलों के रजिस्ट्रेशन रद्द करने और उनके चुनाव चिंह जब्त करने की मांग की गई, जो मतदाताओं को मुफ्त में सुविधाएं देने के वादे कर रहे हैं। इस याचिका में कहा गया है कि राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए पब्लिक फंड से चुनाव से पहले वोटरों को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार देने का वादा करने या मुफ्त उपहार बांटना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है। यह वोटरों को प्रभावित करने और लुभाने का प्रयास है। इससे चुनाव प्रक्रिया प्रदूषित होती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि इससे चुनाव मैदान में एक समान अवसर के सिद्धांत प्रभावित होते हैं। याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा है, कि अब वह समय दूर नहीं, जब एक राजनीतिक दल कहेगा कि 'हम आपके आवास में आपके लिए खाना बनाएंगे'। जबकि, दूसरा यह कहेगा कि हम न केवल खाना बनाएंगे, बल्कि आपको खिलाएंगे भी।

-वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 नवम्बर, सोमवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष तृतीया, 23:21 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 07:56 तक, योग : अनुराधा, 07:56 तक, सूर्योदय: 5:43, सूर्यास्त: 16:57, चन्द्रोदय : 08:04, चन्द्रास्त: 18:47, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 07:09 से 08:33

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के अनुसार 4 नवंबर को मेष राशि वालों को स्वास्थ्य में लाभ होगा, यात्रा के योग बन रहे हैं। मानसिक तनाव दूर होगा, कार्यस्थल पर अधिकारियों से मतभेद संभव है।

**वृष :** वृषभ राशि के अनुसार सोमवार 4 नवंबर को वृषभ राशि वाले अपनी कार्यकुशलता से सभी का दिल जीत लेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे, किसी योग्य व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के अनुसार 4 नवंबर को घर परिवार की समस्या हर किसी के सामने प्रस्तुत ना करें। घर की बात घर में रहने दें, बड़ों की सलाह मानें।

**कर्क :** लंबे समय से चली आ रही परेशानियां समाप्त होंगी। आपके व्यवहार से लोग आपकी मदद करेंगे, व्यापार में उन्नति होगी। धर्म-कर्म में रूचि बढ़ेगी, समय उपयुक्त है।

**सिंह :** दिनचर्या में बदलाव होगा, स्वास्थ्य में लाभ मिलेगा। संतान के व्यवहार से खुश होंगे, जीवन साथी के स्वास्थ्य में लाभ होगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कन्या :** सोमवार को कार्यों की अधिकता रहेगी, लंबी यात्रा के योग हैं। धर्म-कर्म में समय बीतेगा। वाहन भूमि से संबंधित कार्य पूर्ण होंगे, संतान के विवाह की चिंता रहेगी।

**तुला :** तुला राशि वाले किसी की सुनी सुनाई बात पर विश्वास न करें, मामले को ठीक से समझने की कोशिश करें। आलस्य की अधिकता से आप अपने करियर में पीछे हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा, इसके कारण तनाव उत्पन होगा। आजीविका के साधनों में वृद्धि होगी। लंबे समय से रूके कार्य में गति आएगी, रूचिकर भोजन मिलेगा।

**धनु :** धनु राशि के अनुसार 4 नवंबर को जिद्दी रवैये से बने बनाए काम बिगाड़ लेंगे। सामाजिक आयोजनों में रूचि बढ़ेगी, प्रशासन से जुड़े लोग सम्मानित होंगे। नौकरी में परिवर्तन के योग हैं।

**मकर :** मकर राशिफल सोमवार के अनुसार आपके क्रोधी व्यवहार के कारण परिजन आपसे दूरियां बना लेंगे, कार्यस्थल पर समझदारी से काम लें अन्यथा परेशानी बढ़ सकती है।

**कुम्भ :** कुंभ राशिफल 4 नवंबर के अनुसार सोमवार को निजी जीवन में जल्दबाजी में लिया गया फैसला परेशानी में डाल सकता है, किसी परिजन की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है।

**मीन :** मीन राशिफल के अनुसार सोमवार को मीन राशि वालों को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा, जीवनसाथी के साथ यात्रा संभव है। कम बोलें और काम ज्यादा करें।

## आत्मा के मंथन से क्या निकलेगा रे!



रामविलास जांगिड़


आजकल जीते हुए नेता लोग आत्म मंथन करते हैं। वे आत्मा का दही बनाकर मथते हुए सोचते हैं कि आखिर हम जीत कैसे गए? हमने आराम से भ्रष्टाचार किया था। रेप-लेप जैसे धार्मिक कार्यक्रम भी बहुत मजे से संपन्न किए थे। अमेरिका जापान में जाकर धिंगा-मस्ती भी की थी। फिर आखिर कैसे जीत गए? इधर चारों ओर आत्म मंथन का फैशन चल रहा है। आत्म मंथन की गचा-गची सी मची है। आत्म मंथन की इस आंधी में सोच रहा हूं कि मैं भी आत्म मंथन कर-कुराके काम खत्म करूं। इधर पिछवाड़े गली के नत्थूलाल ने भी आत्म मंथन कर लिया है। उसने पड़ोसी आत्मा का मंथन कर-कराके उसे छत पर भी फेंक दिया है। इधर छत पर पड़ी एक आत्मा अपना खुद का मंथन करके कह रही है कि खबरदार जो आत्म मंथन किया! जीते हुए नेता को तो हरगिज आत्म मंथन नहीं करते हैं।

आत्मा का तर्क है कि आत्म मंथन बिल्कुल बेकार की चीज है, इसे कभी नहीं करना चाहिए। बार-बार आत्म मंथन करने से व्यक्ति छोटी-छोटी बातों को लेकर भी अधिक सोचने लगता है, जिससे मानसिक तनाव बढ़ता है। यदि आत्म मंथन केवल नकारात्मक पहलुओं पर केंद्रित हो जाए, तो व्यक्ति अपनी कमियों को ही देखता रहता है, जो आत्म-सम्मान का बेड़ा गर्ग कर देती है। व्यक्ति निर्णय लेने में समय लगाता है, जिससे अवसर के तोते हाथ से उड़कर निकल जाते हैं। बार-बार खुद की गलतियों पर विचार करना मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है और अवसाद या चिंता डूबकर रस्ते चलते मंत्री बन जाता है।

आत्मा ने छत पर खड़े होकर एक जोरदार अंगड़ाई ली और चुनाव में जीते हुए नेता की आत्मा का मंथन करने की सख्त मनाई करते हुए बताया कि आत्म मंथन करते समय व्यक्ति अपनी गलतियों को बार-बार याद करता है, जो आत्म-आलोचना की प्रवृत्ति को बढ़ा देता है। इससे झूठ बोलने में कठिनाई होती है और व्यक्ति जीते जी नरक का भागी बनता है। जीव वर्तमान में खुश नहीं रह पाता और अतीत या भविष्य की चिंताओं में उलझा रहता है। इससे उस जीव का भ्रष्टाचार करने में मन नहीं लगता है।

ज्यादा आत्म मंथन करने से समय का अपव्यय होता है, जो रेप रेप-लेप जैसे जरूरी धार्मिक कार्यों में लग सकता है। आत्म मंथन के कारण नेताजी को हर छोटे-बड़े निर्णय में संदेह होने लगता है। अरे निर्णय की स्थिति में कुर्सी जाने का खतरा बना रहता है। बार-बार आत्म मंथन करने से व्यक्ति अपने आस-पास के लोगों से दूर होने लगता है। संबंधों में दूरी आती है। इससे चमचा लोग बहुत परेशान होने लगते हैं। आत्म मंथन करते समय अपनी कमजोरियों पर ही ध्यान देने से आत्म-विश्वास कमजोर होता है। इसलिए हे जीते हुए तमाम नेताओं! आपके आत्म मंथन करने की कतई जरूरत नहीं है। आप तो देश सेवा के नाम पर इस देश का कबाड़ा करने पर तुले हुए हो, इसे जारी रखिए। हे प्यारे नत्थुलाल! आत्मा के मंथन से क्या निकलेगा रे!

## वर्ग पहेली नं. 2906



**बायें से दायें:-** 2) यह नहीं, 4) विचित्र, 7) इतराते हुए चलना, 9) अपरिहार्य, 10) बोना *(पौधा)*, 11) एक मादक पदार्थ, 13) संपूर्ण, 14) खलबली, 16) हस्ताक्षर, 18) अतिरिक्त, 19) होंठ, 20) एक संख्या, 21) एकमत, 24) सनाह; तावीज, 27) रोकड़, 29) इराक की राजधानी, 31) जिसका सिर झुका हुआ हो, 32) उत्साही; मजबूत.

**ऊपर से नीचे:-** 1) वस्तुविनिमय, 2) अन्यथा, 3) मैं का बहुवचन रूप, 4) एक फल, 5) भूतबाधा; संकट, 6) समभार, 8) कूड़ा-करकट, 12) सान्निध्य, 13) बहाने-बाज़ी, 15) एक तरह का पत्थर जिसपर चोट मारने से आग निकलती है, 17) गुच्छा, 22) निरंतर, 23) निशाचर, 25) संशय, 26) तरकारी, 28) एक बाजा, 29) बगुला, 30) शाबाशी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | रा | म | ख़ो | र | ■ | अ | क | स | र |
| ■ | ■ | लं | ■ | व | स | न | ■ | ला | मा |
| अ | मं | ग | ल | ■ | खा | म | खा | ह | ■ |
| ■ | ग | ■ | च | र्च | ■ | न | स | ■ | म |
| स | ल | वा | र | ■ | मो | ■ | क | पा | स |
| ■ | वा | ■ | ■ | स | ह | का | र | ■ | ख़ा |
| द | र | मि | या | न | ■ | फ़ि | ■ | ज | रा |
| रे | ■ | र | ■ | क | द | र | दा | न | ■ |
| रा | ज | गी | र | ■ | स्त | ■ | स | ता | ना |

## सुडोकू-पहेली-2866

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | | 1 | |
| | 7 | 2 | | | | | | |
| | 8 | | | 4 | | | | |
| 5 | | | 3 | | 9 | | | |
| | | | | 7 | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 3 | | | 9 | | | | | 5 |
| | 4 | | | | | 7 | | |
| | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सुडोकू पहेली - 2865 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 | 9 | 8 |
| 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 8 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 2 | 1 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 | 7 |
| 8 | 5 | 9 | 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 3 |
| 6 | 7 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 9 |

# हाल्टू में क्लब में तोड़फोड़, विरोध कर रहे दंपत्ति को पीटा

## आरोपी तृणमूल पार्षद समर्थक

**कोलकाता, समाज्ञा :** ममता बनर्जी सरकार के मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम समेत अन्य मंत्रियों ने भाई दूज का त्योहार मनाया। इस दौरान, उन्होंने बहनों को तोहफे भी दिए और कहा कि इस दिन बहन भाई की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करती है और भाई भी बहन का साथ देने का वादा करते हैं। फिरहाद हकीम ने कहा कि आज भाई दूज का त्योहार भाई और बहन के बीच के रिश्ते को मजबूत करता है। बहनें भाई के लंबे और शांतिपूर्ण जीवन की प्रार्थना करती हैं। इस दौरान, फिरहाद हकीम ने राष्ट्रपति मुर्मू से खास अपील की। जब उनसे पूछा गया कि राज्य में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में वह बहनों को सुरक्षित रखने का वादा कैसे पूरा करेंगे तो उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को सिर्फ फांसी की सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने इस कानून को लेकर राष्ट्रपति से अपील की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक महिला होने के नाते राष्ट्रपति मुर्मू महिला सुरक्षा से कानून को अनुमति देंगी।

### खाने के लालच देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी पड़ोसी गिरफ्तार

**बर्दवान :** खाने का लालच देकर नाबालिग लड़की को घर बुलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा। इस बार, घटना बर्दवान का है। आरोपी को बर्दवान थाने की पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को रविवार को बर्दवान कोर्ट में पेश किया किया गया। आरोपी का नाम अनिल दास है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को अनिल दास के घर के पास से गुजरते समय उसने नाबालिग को बुलाया। खाने का लालच देकर उसे घर के अंदर ले जाया गया। कथित तौर पर, वह शख्स उसे किचन में ले गया और उसका यौन उत्पीड़न किया। उन्हें यह भी डर है कि अगर लड़की ने किसी को बताया तो उसे नुकसान होगा। शनिवार को नाबालिग ने अपने निजी अंगों में दर्द की जानकारी अपने परिवार को दी। बर्दवान थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई।

# उलबेरिया में विस्फोट से फैला दहशत, टूटे खिड़कियां-दरवाजे

- **पटाखे बनाने के लिए रखा था बारूद, चार घरों में जोरदार धमाका**
- **घटना में कोई हताहत नहीं, पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के उलबेरिया इलाके के तांतीबेरिया ग्राम के चार घरों में शनिवार की देर रात विस्फोट हुआ। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि एक-दूसरे के आसपास स्थित इन चार घरों में बड़ी मात्रा में पटाखे तैयार करने में इस्तेमाल होने वाला बारूद जमा करके रखा गया था। एक घर में रखे बारूद में विस्फोट हो गया। बाकी तीन घर भी उसके चपेट में आ गए। धमाकों से घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। दरवाजों को भी काफी क्षति पहुंची है। उन घरों में उस वक्त कोई नहीं था, इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। घर व उसमें जमा करके रखा बारूद उसी का बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि उलबेरिया में ही गत शुक्रवार को आतिशबाजी करते वक्त घर में आग लगने से तीन बच्चों की झुलसकर मौत हो गई थी, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। बच्चे घर में आतिशबाजी कर रहे थे। उसकी चिंगारी से आग लग गई थी, जो तेजी से फैल गई। आग ने पास की एक दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया था।



गंगा उत्सव- 2024 के लिए आदि गंगा सफाई अभियान के हिस्से के रूप में कोलकाता के मेयर फ़िरहाद हकीम ने नगर आयुक्त, बोरो 9 की चेयरपर्सन देबलीना बिस्वास और केएमसी के अधिकारी और सदस्यों के साथ वार्ड 82 में प्रसन्नमयी घाट नदी गंगा की सुरक्षा और सफाई के लिए जागरूकता अभियान का नेतृत्व किया।

# हावड़ा सिटी पुलिस ने चार काली पूजा मंडपों को 'दीप सम्मान पुरस्कार- 2024' से किया सम्मानित



**हावड़ा, समाज्ञा :** काली पूजा पर पूरे शहर में एक के बाद एक अद्भुत थीम पंडाल बनाए गए। कहीं रोशनी तो कहीं विभिन्न विचारों के साथ कुशल मंडप सजावट, कहीं मूर्ति निर्माण में कलाकार की रचनात्मकता का स्पर्श दिख रहा था। इन सभी पहलुओं को देखते हुए, चार काली पूजा मंडपों को 'दीप सम्मान पुरस्कार- 2024' से सम्मानित किया गया। हावड़ा के बाली में गोस्वामी पारा रोड पर आयोजित बाली फाइव स्टार पूजा को प्रथम, संकराइल के चांपातला में संतान वाहिनी व्यायामशाला को दूसरी स्थान, चटर्जीहाट के सर्कुलर रोड पर बेलेपोल सार्वजनिन श्यामा पूजा द्वारा आयोजित पूजा एवं लिलुआ के नंबर 1 देवीपाड़ा पर नतून दल को संयुक्त रूप से तीसरे स्थान रखा गया है। हावड़ा सिटी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार सौंपे गए। स्वाभाविक रूप से, पूजा समितियां भी काम को मान्यता मिलने से बहुत खुश हैं।

# भाई दूज बना भाई का काल, सड़क दुर्घटना में पति की मौत व पत्नी की हालत नाजुक



**हुगली, समाज्ञा :** भाई दूज के दिन हुई सड़क दुर्घटना एक भाई के लिए काल बन गई। बहन से भाई दूज का त्योहार मनाकर एक दंपति की कार दुर्गापुर एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकरा गई। इस भीषण सड़क हादसे में पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी बुरी तरह से घायल हो गई। स्थानीय और पुलिस सूत्रों ने बताया कि बर्दमान से कोलकाता की ओर जा रही एक कार दुर्गापुर एक्सप्रेस वे के बसिपुर बॉर्डर इलाके के पास रास्ते के डिवाइडर से टकरा गई। इस टक्कर में कार चालक और उसके साथ बैठी उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही गुड़ाप थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तुरंत एम्बुलेंस बुलाया और घायलों को बर्दमान मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। खबर है कि कर चालक की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी की हालत गंभीर है।



बाबूघाट में मां काली की मूर्तियों का विसर्जन करते श्रद्धालु

# पत्नी को बेहोश कर दामाद पर सास की हत्या की कोशिश का आरोप, गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** दामाद पर पत्नी को बेहोश कर सास की हत्या करने का प्रयास करने का आरोप है। इस घटना से फरक्का के खोदाबंदपुर गांव में काफी हंगामा हुआ। सास ने पहले ही फरक्का थाने में दामाद के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, एक माह पहले फरक्का के अर्जुनपुर ग्राम पंचायत के खोदाबंदपुर गांव में पड़ोसी युवक समीर शेख (25) की शादी एक युवती से हुई थी। इलाके के लोगों का कहना है कि शादी के बाद दामाद ज्यादातर समय ससुराल में ही रहता था। कुछ ही दिनों में उसका अपने ससुराल-वालों से भी झगड़ा हो गया। विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया। स्थानीय लोगों के शक और परेशानी के कारण युवक ने इस अपराध को अंजाम दिया। आरोपी की पत्नी का कहना है कि उसके पति ने देर रात उसे बेहोश कर दिया। और फिर उसने अपनी मां के घर में घुसने की कोशिश की। लेकिन, दरवाजा बंद होने के कारण इसमें गति आ जाती है। फिर, उसने दरवाज़ा खोला और कमरे में दाखिल हुआ। आरोपी की सास ने बताया कि दामाद सोने के आभूषण चुराने के इरादे से घर में घुसा था। लेकिन, जब मैंने उसे देखा तो धारदार हथियार से खुद को मारने की कोशिश की। लेकिन अंत में वह खड़ा नहीं हो सका और भाग गया। इसी बीच, सास की चीख से पड़ोसी जाग गए। तनाव की खबर पुलिस तक पहुंच गई। सूचना पाकर फरक्का थाने की पुलिस मौके पर आयी। हालांकि, घटना के बाद काफी देर तक आरोपी का पता नहीं चला। आख़िरकार, पुलिस ने उसे गिरफ़्तार कर लिया।

### हथियार के साथ तृणमूल नेता गिरफ़्तार

**मुर्शिदाबाद :** उत्सव में डूबे बंगाल में एक तृणमूल नेता हथियार के साथ गिरफ़्तार हो गया। शनिवार रात पुलिस उस नेता के घर से आग्नेयास्त्रों का एक बंडल बरामद किया गया। इतना ही नहीं, ताजा बम भी बरामद किए गए। ज्ञात हो कि शनिवार की रात कंडीर कुमारशंड ग्राम पंचायत के पूर्व पंचायत सदस्य अलीमुल शेख मोहम्मद के घर से बरामद की गई थी। हालांकि, घटना के बाद से अलीमुल फरार है। इस घटना में कांडी थाने की पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों के नाम इलू अहमद, नजमुल हक और तजमुल शेख हैं, जिनका घर कांडी थाना के गोकर्ण विजयनगर इलाके में है। गिरफ्तार लोगों के पास से चार ताजा बम भी बरामद किए गए । पुलिस ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि ये आग्नेयास्त्र और बम क्यों जमा किए गए थे।

### खड़दह में गंगा घाट पर पटाखा फोड़ने के दौरान दो युवकों की डूबने से मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाई दूज की शाम खड़दह थाना अंतर्गत बाबाजी गंगा घाट पर पटाखा फोड़ने के दौरान दो दोस्त डूब गए। रात करीब 10 बजे दोनों शव बरामद किये गये। घटना को लेकर इलाके में काफी उत्तेजना का माहौल है। मृतकों की पहचान समृद्ध बनर्जी और देवजीत मुखर्जी के रूप में की गई है। दोनों खड़दह नगरपालिका के वार्ड 18 के श्यामर मंदिर इलाके का निवासी था और कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र थे। बताया गया है कि खड़दह थाना अंतर्गत बाबाजी गंगा घाट आमतौर पर दोपहर के बाद खाली रहता है। इसलिए, इस दिन, शाम के बाद चार दोस्त वहां पटाखा फोड़ने गए थे। उनमें से समृद्ध बनर्जी और देवजीत मुखर्जी लापरवाही के कारण गंगा में डूब गये। प्रत्यक्षदर्शियों ने ही प्राथमिक रूप से बचाव की कोशिश की। लेकिन यह काम नहीं किया। बाद में, गोताखोर को उतारकर गंगा तट पर तलाश शुरू की गई।

# धर्मेंद्र सिंह मेमोरियल ट्रस्ट ने सैकड़ों छठव्रतियों में वितरण किया छठ सामाग्री




**हावड़ा, समाज्ञा**

धर्मेंद्र सिंह मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा रविवार को 700 छठव्रतियों के बीच साड़ी, गमछा, नींबू, नारियल गेंहू और सूप का वितरण हर साल की तरह इस वर्ष भी किया गया। इस कार्यक्रम में दक्षिण हावड़ा की विधायिक नंदीता चौधरी, हावड़ा नगर निगम के चेयरमैन डॉ. सुजय चक्रवर्ती, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मिश्रा और स्वर्गीय धर्मेन्द्र सिंह की धर्म पत्नी प्रियंका सिंह समेत अन्य गण्यमान्य उपस्थित थे।

# गंगा मिशन के शिविर में 250 मरीजों का इलाज, 45 के होंगे ऑपरेशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** काली पूजा के उपलक्ष्य में गंगा मिशन और मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी की ओर से शनिवार को शोभाबाजार में नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। फिजिकल कल्चर एसोसियेशन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में लगभग 250 मरीजों की जांच की गई। सभी मरीजों के नेत्र परीक्षण के साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी आदि जांचें निःशुल्क की गई। सभी मरीजों को उनकी जरूरत के मुताबिक दवाएं निःशुल्क प्रदान की गई। नेत्र परीक्षण के दौरान 110 मरीजों की आंखें कमजोर पाई गई। इनमें से 65 मरीजों को चश्में प्रदान किए गए। 45 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के योग्य पाए गए, इनके ऑपरेशन कोलकाता में मारवाड़ी




रिलीफ सोसायटी अस्पताल में निःशुल्क किए जाएंगे।

गंगा मिशन के प्रतिनिधि सरदार ज्योतिसिंह ने बताया कि गंगा मिशन के प्रमुख एवं मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी के महासचिव प्रह्लाद राय गोयनका की प्रेरणा से आयोजित इस शिविर को सफल बनाने में डॉ. सौरव सिंह, डॉ. सुकांतो रॉय, स्नेहा प्रसाद, शबनम आलम एवं अजय दिवाकर की सेवाएं सराहनीय रही। समाजसेवी केदार दास, अनिल दास, गौतम घोषाल ने शिविर का अवलोकन किया और इस आयोजन के लिए मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी, गंगा मिशन और प्रह्लाद राय गोयनका का आभार व्यक्त किया।

### हावड़ा जेटी पर लॉन्च से उतरने के दौरान गंगा में डूबी महिला, तलाश जारी



**हावड़ा, समाज्ञा :** भाई दूज पर परिवार और रिश्तेदारों के साथ मिलेनियम पार्क घूमने गई एक महिला की गंगा नदी में जूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान शेफाली कर (55) के रूप में की गई है। वह हावड़ा के संतरगाछी की निवासी थी। बताया गया है कि रविवार को भाई दूज के मौके पर शेफाली कर मिलेनियम पार्क में घूमने गयी थी। उसके साथ बेटी-दामाद और उसका पति भी थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मिलेनियम पार्क घूमने के बाद वह लॉन्च से फेयरली घाट से हावड़ा फेरी घाट आ रही थी। तभी, शाम करीब 6 बजे लॉन्च से जेटी पर उतरते समय वह लॉन्च और जेटी के बीच गैप में गिर गयी और गंगा में जा गिरी। खबर लिखे जाने तक महिला की तलाश की जा रही है। आंखों के सामने हुए हादसे से परिवार लगभग टूट गया है। गोलाबाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। आपदा प्रबंधन समूह और नदी यातायात पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

### 'साथी हाथ बढ़ाना' अभियान के तहत जरुरतमंदों में भोजन वितरण

**हावड़ा, समाज्ञा :** सद्गुरु सेवा ट्रस्ट के द्वारा चल रहा अभियान 'साथी हाथ बढ़ाना' के तहत रविवार को उतरपाड़ा निवासी पंकज राय ने अपने पुत्री पलक राय के जन्मदिन के अवसर पर हावड़ा में प्रतिदिन होने वाले संध्याकालीन दरिद्रनारायण भोज के आयोजन में अपनी सहभागिता देते हुए समाज को एक सुंदर संदेश दिया।

# घर नहीं लौट रही पत्नी, ससुराल आकर दामाद ने किया हंगामा

## साले को किया घायल, आरोपी दामाद गिरफ्तार

**पूर्व बर्दवान :** पत्नी बहुत दिनों से मायके से लौट नहीं रही थी। गुस्से में दामाद ने ससुराल जाकर हंगामा कर दिया। पत्नी के भाई को धारदार हथियार से घायल कर दिया। इस घटना से पूर्व बर्दवान के जमालपुर में काफी उत्तेजना मची हुई है। लिखित शिकायत के आधार पर जमालपुर थाने की पुलिस ने दामाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शनिवार को बर्दवान कोर्ट में पेश किया गया। मिली जानकारी के अनुसार पत्नी काफी समय से अपने मायके में रह रही थी। उसे बार-बार अपने पति के घर वापस आने के लिए कहा गया, लेकिन वह नहीं आई। इससे पति से दूरियां बढ़ गईं। महिला काफी समय से अपने ससुराल नहीं गई थी। आरोपी अपनी पत्नी को ससुराल से लाने गया था। लेकिन वहां आने पर भी उनसे मुलाकात नहीं हुई। उसके बाद बहस शुरू हो गया। इसे धीरे-धीरे जारी किया जाता है। सास से झगड़ा रोकने के लिए उसका साले से से बहस हो गया । तभी दामाद के हाथ में धारदार हथियार लगने से साला घायल हो गया। घायल युवक का नाम आकाश सरकार है। उनका घर पूर्वी बर्दवान जिले के जमालपुर थाना अंतर्गत जौग्राम के नूरी इलाके में है। पारिवारिक झगड़े और खून-खराबे की घटना से आसपास के इलाके में तीव्र उत्त-ेजना है।गंभीर रूप से घायल जीजा और उसके परिवार के लोग चीखने चिल्लाने लगे तो पड़ोसी दौड़कर जीजा को बचाने की कोशिश करने लगे। पड़ोसी और परिजन आरोपी दामाद आलोक डे से भिड़ गए।मारपीट की घटना में दामाद आलोक दे घायल हो गए। आल-ोक का घर झारखंड राज्य में है।वर्तमान में जौग्राम क्षेत्र में कार्यरत हैं। बताया जाता है कि यहां वह एक गैराज में काम करता था। उसका अपनी पत्नी के साथ काफी समय से अफेयर चल रहा था। उपद्रव की खबर पाकर जमालपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने दोनों को बचाया और इलाज के लिए बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई. धारदार हथियार से साला गंभीर रूप से घायल हो गया। जीजा के परिवार की शिकायत के आधार पर जमालपुर पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है।

# कोल इंडिया को ईसीएल के मुनाफे में वापस आने की उम्मीद

## कोल इंडिया के चेयरमैन ने कहा... 'ईसीएल अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं'

**कोलकाता, समाज्ञा**

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया को उम्मीद है कि उसकी सहायक कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) अपने 2,200 करोड़ रुपये के कुल घाटे को खत्म करके वित्त वर्ष 2025-26 तक फिर से मुनाफे में आ सकती है। कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने कहा कि घाटे में रहने वाली एक अन्य सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड पहले ही लाभांश सूची में शामिल हो चुकी है। उन्होंने भरोसा जताया कि ईसीएल वित्त वर्ष 2025-26 तक इसी तरह की सफलता हासिल करेगी। कोल इंडिया की सात सहायक कंपनियां हैं। प्रसाद ने कहा कि ईसीएल अच्छा प्रदर्शन कर रही है और इस साल 5.4 करोड़ टन के अपने उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। हमें उम्मीद है कि इस वित्त वर्ष में इसके 2,200 करोड़ रुपये के कुल घाटे में दो-तिहाई को खत्म कर दिया जाएगा। बाकी घाटे को अगले साल तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद यह लाभांश सूची में फिर से शामिल हो सकेगी। उन्होंने कहा कि मानसून के प्रभाव के कारण अगले तीन-चार महीने उत्पादन के लिए चुनौतियां पेश करेंगे।

# हेमताबाद में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की रहस्यमय मौत

## घटना के वक्त घर पर मौजूद एकमात्र सदस्य गिरफ्तार

**उत्तर दिनाजपुर**

जिले के हेमताबाद में भाई दूज की शाम एक ही परिवार के तीन सदस्यों की रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, हेमताबाद के चैनगर पंचायत के महेशगांव सीमा पर स्थित केशवपुर गांव में स्थित एक घर से दंपति और उनकी दो साल की बेटी का शव बरामद किया गया। इस घटना को लेकर इलाके में काफी तनाव है। इधर, शव बरामद करने के दौरान पुलिस बल को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। आख़िरकार, स्थिति को संभालते हुए पुलिस ने तीन शवों को बरामद किया और उन्हें अंत्यपरीक्षण के लिए रायगंज मेडिकल अस्पताल के मुर्दाघर में भेज दिया। पुलिस ने घटना के वक्त घर पर मौजूद एकमात्र सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत युवक का नाम मोहम्मद कुतुबुद्दीन है और उसकी पत्नी परवीन बेगम और 2 साल की बच्ची माही है। कुतुबुद्दीन पेशे से किसान था। उनकी पांच बहनें है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कुतुबुद्दीन के पिता के पास करीब 30 बीघे जमीन समेत कई लाख रुपये की संपत्ति है। इसे लेकर उसका अपनी बहनों के साथ विवाद चल रहा था। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, संपत्ति के विवाद के चलते कुतुबुद्दीन की हत्या की गई है। कुतुबुद्दीन के पिता को संलिप्तता के संदेह में गिरफ्तार कर लिया गया है। क्या संपत्ति संबंधित अशांति को लेकर एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या? या फिर इसके पीछे कोई और वजह है? जांचकर्ता इस संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं कि दंपत्ति ने अपने बच्चे की हत्या करने के बाद आत्महत्या की है।

# भारत की शर्मनाक हार, न्यूज़ीलैंड ने 3-0 से क्लीन स्वीप करके रचा इतिहास

**मुंबई :** जब भारत के विश्व स्तरीय बल्लेबाज नौसीखिए नजर आ रहे थे तब न्यूजीलैंड ने इसका फायदा उठाकर तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही रविवार को यहां 25 रन से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया और इस तरह से नया इतिहास रचा। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 174 रन बनाकर भारत के सामने 147 रन का लक्ष्य रखा लेकिन कई दिग्गज बल्लेबाजों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के लिए यह पहाड़ जैसा बन गया। ऋषभ पंत की 64 रन की साहसिक पारी के बावजूद भारतीय टीम 29.1 ओवर में 121 रन पर ढेर हो गई। यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम का अपनी धरती पर तीन मैच की श्रृंखला में सूपड़ा साफ हुआ। इससे पहले भारतीय टीम को अपनी धरती पर 2000 में दक्षिण अफ्रीका के हाथों दो मैच की श्रृंखला में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम का हाल में घरेलू मैदानों पर शानदार रिकार्ड रहा है लेकिन इस श्रृंखला में न्यूजीलैंड के सामने उसकी एक नहीं चली। मेहमान टीम ने परिस्थितियों से अच्छी तरह सामंजस्य बिठाकर खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया। भारत का स्पिनरों को मदद पहुंचाने वाली पिच तैयार करने का दांव उल्टा पड़ गया। अपनी इस शर्मनाक हार के लिए भारतीय टीम ही दोषी है। उसके सामने बहुत बड़ा लक्ष्य नहीं था लेकिन उसने जल्दबाजी दिखाई तथा 16 रन के अंदर पांच विकेट गंवाने से उसका स्कोर पांच विकेट पर 29 रन हो गया। भारत की नैया पार लगाने की जिम्मेदारी पंत के कंधों पर था लेकिन उनके विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैच का रुख न्यूजीलैंड की तरफ मुड़




गया। पंत ने न्यूजीलैंड की हर चुनौती का डटकर सामना किया लेकिन उनका आउट होना भारत के लिए करारा झटका था। न्यूजीलैंड ने पटेल की गेंद पर विकेट के पीछे कैच की अपील की जिसे अंपायर ने ठुकरा दिया। कीवी टीम ने रिव्यू लिया। रिप्ले से स्पष्ट नहीं हो रहा था कि गेंद बल्ले या दस्ताने को स्पर्श करके गई है लेकिन तीसरे अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया। भारत को कप्तान रोहित शर्मा की अति आक्रामकता वाला रवैया भारी पड़ा। रोहित शर्मा (11) ने दो चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन उन्होंने मैट हेनरी की उछाल लेती गेंद पर अपना पसंदीदा पुल शॉट लगाया। जब गेंद हवा में लहरा रही थी, हेनरी ने तभी जश्न मनाना शुरू कर दिया था क्योंकि सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षकों में से एक ग्लेन फिलिप्स कैच करने के लिए दौड़ लगा रहे थे और वह अपने साथी के भरोसे पर खरे भी उतरे। पहली पारी में 90 रन बनाने वाले शुभमन गिल केवल एक रन बनाकर एजाज पटेल की गेंद पर बोल्ड हो गए। पटेल ने अभी तक 43 रन देकर चार विकेट लिए हैं। विराट कोहली (01) आते ही पवेलियन लौट गए। पटेल की फ्लाइट लेती गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में चली गई। यशस्वी जयसवाल (05) दूसरे छोर से बल्लेबाजी का पतन देख रहे थे लेकिन जल्द ही वह इसका हिस्सा बन गए। फिलिप्स ने उन्हें पगबाधा आउट किया। सरफराज खान (01) ने फिर से स्वीप शॉट खेलकर अपना विकेट इनाम में दिया।अब पूरी जिम्मेदारी पंत पर थी। उन्होंने रविंद्र जडेजा (06) के साथ छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। पटेल की गेंद पर विल यंग ने शॉर्ट लेग पर शानदार कैच लेकर जडेजा को पवेलियन का रास्ता दिखाया। पंत के आउट होने के बाद वाशिंगटन सुंदर (12) और रविचंद्रन अश्विन (08) ने कुछ देर तक संघर्ष किया लेकिन इससे जीत का अंतर ही कम हो पाया।

## यह मेरे करियर का सबसे बुरा दौर होगा : रोहित शर्मा




**मुंबई :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से मिली निराशाजनक हार को अपने करियर का सबसे बुरा दौर बताया और टेस्ट श्रृंखला में मिली हार की पूरी जिम्मेदारी ली। रोहित ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'इस तरह का प्रदर्शन मेरे करियर का सबसे बुरा दौर होगा और मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।' उन्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर इस तरह से टेस्ट श्रृंखला गंवाने को 'आसानी से पचाया' नहीं जा सकता है। रोहित ने कहा, 'श्रृंखला गंवाने की बात पचाना मुश्किल है। श्रृंखला हारना, टेस्ट मैच हारना कभी भी आसान नहीं होता। यह आसानी से पचने वाली बात नहीं है। हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला। न्यूजीलैंड ने पूरी श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन किया। हमने कई गलतियां कीं।'

## न्यूजीलैंड के खिलाफ सूपड़ा साफ होने का मूल्यांकन करेगा बीसीसीआई

**नयी दिल्ली :** न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में 0-3 से सूपड़ा साफ होने का भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) मूल्यांकन करेगा और टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कुछ दिग्गज खिलाड़ियों का इस प्रारूप में करियर खत्म हो सकता है। बीसीसीआई डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप) के अगले चक्र की शुरुआत से पहले अनुभवी खिलाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना रहा है। इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन में से कम से कम दो के लिए अंतिम हो सकती है। ये चारों खिलाड़ी अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के आखिरी चरण में हैं। जब रोहित से भारत के टेस्ट भविष्य के बारे में उनके विचार पूछे गए तो उन्होंने कहा, 'देखिए, मुझे नहीं लगता कि हम इतना आगे की सोच सकते हैं। अगली श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है, जो कि ऑस्ट्रेलिया है।' उन्होंने कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला से आगे नहीं देख रहा हूं।'

## न्यूज अपडेट

### भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में दूसरे स्थान पर, फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया में चार टेस्ट जीतने होंगे

**दुबई :** न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में 0-3 की शर्मनाक हार के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में ऑस्ट्रेलिया को शीर्ष स्थान गंवा बैठा और अब फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए उसे ऑस्ट्रेलिया में पांच मैच की श्रृंखला के कम से कम चार मैच जीतने होंगे। भारत को मुंबई में खेले गये तीसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने 25 रन से हराकर 3-0 से सूपड़ा साफ किया। टेस्ट में 1999-2000 के बाद भारतीय टीम को पहली बार वाइटवाश का सामना करना पड़ा है। टीम को तब दक्षिण अफ्रीका ने 2-0 से हराया था। यह पहली बार है जब भारत को कम से कम तीन मैचों की श्रृंखला की सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। डब्ल्यूटीसी के मौजूदा चक्र में यह भारत की यह पांचवीं हार है। जिससे उसके अंक प्रतिशत (पीसीटी) में बड़ी गिरावट आई। टीम का अंक प्रतिशत 62.82 से खिसक कर 58.33 हो गया। इस प्रकार भारत मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गया, जिसने 62.50 के पीसीटी के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। भारत को अब पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होना है। इस श्रृंखला का महत्व अब और अधिक बढ़ गया है क्योंकि दोनों टीमें शीर्ष दो स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। फाइनल में स्थान पक्का करने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया पर 4-0 से जीत दर्ज करनी होगी क्योंकि इससे उसका पीसीटी 65.79 हो जायेगा। यहां तक कि 2-3 से हारने पर भी दूसरे स्थान पर पहुंचने की संभावना कम ही होगी और इसके लिए न्यूजीलैंड का इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका से अपनी श्रृंखला ड्रॉ कर ले। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया को लगातार दूसरी बार क्वालीफाई करने के लिए भारत पर 3-2 की जीत दर्ज करनी होगी। इससे वह दौड़ में शीर्ष पर रहेगी, भले ही बाद में श्रीलंका के खिलाफ उसका प्रदर्शन खराब रहे। हालांकि बाहरी नतीजों पर निर्भर रहने से बचने के लिए उसे अपने बचे हुए सात मैचों में से पांच में जीत हासिल करनी होगी।

### पार्थवी, वंशिका, हेमंत के स्पर्ण से भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में 17 पदक जीते

**नयी दिल्ली :** पार्थवी ग्रेवाल, वंशिका गोस्वामी और हेमंत सांगवान ने कोलराडो (अमेरिका) में विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किये जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने 17 पदक जीत कर दमदार प्रदर्शन किया। आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में भारत की महिला मुक्केबाजों ने 10 पदक के साथ पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन किया। पार्थवी ने महिलाओं के 65 किग्रा फाइनल में नीदरलैंड की आलिया होपेमा पर 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की जबकि वंशिका ने शनिवार को यहां महिलाओं की 80 किग्रा वर्ग में जर्मनी की विक्टोरिया गैट को महज एक मिनट और 37 मिनट में शिकस्त दे दी। हेमंत ने 90 किग्रा वर्ग में अमेरिका के रिशोन सिम्स पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल करके पुरुष वर्ग में भारत का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता। निशा (51 किग्रा), सुप्रिया देवी थोकचोम (54 किग्रा) और कृतिका वासन (80 किग्रा) को अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक जीतने वाले मुक्केबाजों में 11 खेलों इंडिया से जुड़े खिलाडी है जबकि इसमें से आठ साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के प्रशिक्षु है। भारत के पदक विजेता स्वर्ण: कृषा वर्मा (महिला 75 किग्रा), पार्थवी ग्रेवाल (महिला 65 किग्रा), वंशिका गोस्वामी (महिला 80 से अधिक किग्रा), हेमंत सांगवान (पुरुष 90 किग्रा)। रजत: निशा (महिला 51 किग्रा), सुप्रिया देवी थोकचोम (महिला 54 किग्रा), कृतिका वासन (महिला 80 किग्रा), चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (महिला 70 किग्रा), राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा)। कांस्य: ऋषि सिंह (पुरुष 50 किग्रा), कृष पाल (पुरुष 55 किग्रा), सुमित (पुरुष 70 किग्रा), आर्यन (पुरुष 85 किग्रा), लक्ष्य राठी (पुरुष 90 से अधिक किग्रा)।

## ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को सात विकेट से हराया, गेंद विवाद में फंसे ईशान किशन

**मैकॉय (ऑस्ट्रेलिया) :** ऑस्ट्रेलिया ए ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां भारत ए को चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट मैच में सात विकेट से हराया जिसमें भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन गेंद बदलने के विवाद में फंस गए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन सुबह अपनी पारी तीन विकेट पर 139 रन से आगे बढ़ाई। कप्तान नाथन मैकस्वीनी (नाबाद 88) और ब्यू वेबस्टर (नाबाद 61) ने चौथे विकेट के लिए 141 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। मैच के चौथे दिन की शुरुआत हालांकि गेंद बदलने को लेकर उठे विवाद से हुई। इस मामले को लेकर भारतीय खिलाड़ियों की अंपायर शॉन क्रेग के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। अंपायर को यह कहते हुए सुना गया कि गेंद पर खरोंच लगी थी जिसके कारण



उसे बदला गया, जबकि किशन ने गेंद बदलने के फैसले को 'बेवकूफी भरा' बताया। अंपायर क्रेग को स्टंप माइक्रोफोन में गेंद बदलने के अपने फैसले के बारे में बताते हुए सुना गया। वह कह रहे थे, 'गेंद पर स्क्रैच करो, हम उसे बदल रहे हैं। अब और बहस नहीं। चलो खेल शुरू करते हैं।' इस पर किशन चुप नहीं रहे। उन्होंने जवाब दिया, 'तो हम इस गेंद से खेलने जा रहे हैं...यह बहुत ही मूर्खतापूर्ण फैसला है।' इस पर क्रेग ने जवाब दिया, 'माफ करें, असहमति जताने पर आपकी शिकायत की जाएगी। यह अनुचित व्यवहार है। आपके कारनामों के कारण हमने गेंद बदल दी।' क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बाद में बयान जारी करके कहा कि गेंद को खराब होने के कारण बदला गया तथा दोनों कप्तानों और टीम प्रबंधन को इसके बारे में चौथे दिन का खेल शुरू होने से पहले सूचित कर दिया गया था। किशन पर असहमति का आरोप नहीं लगाया जाएगा। भले ही गेंद बदल दी गई थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ए को पांच पेनल्टी रन नहीं दिए गए, जैसा कि आचार संहिता के अनुच्छेद 41.3.4 में कहा गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की आचार संहिता के तहत गेंद की स्थिति में बदलाव करना लेवल तीन का आरोप है। दोनों टीमों के बीच दूसरा प्रथम श्रेणी मैच गुरुवार से मेलबर्न में खेला जाएगा।

## राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में 31 टीम भाग लेंगी

**चेन्नई :** हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप सोमवार से यहां शुरू होगी जिसमें देशभर की 31 टीम भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता 16 नवंबर तक चलेगी जिसमें टीमों को आठ पूल में बांटा गया है। लीग चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में हर टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएगी जो 13 नवंबर को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 15 नवंबर को जबकि फाइनल और तीसरे नंबर के लिए खेले जाने वाला मैच 16 नवंबर को होगा। पूल ए में गत चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी तथा छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं। पूल बी में हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम जबकि पूल सी में तमिलनाडु की हॉकी यूनिट, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल हैं। पूल डी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा। पूल एफ में उत्तर प्रदेश हॉकी, दिल्ली हॉकी, केरल हॉकी और हॉकी जम्मू कश्मीर शामिल हैं। पूल जी में हॉकी झारखंड, हॉकी महाराष्ट्र, गोवा हॉकी और हॉकी गुजरात जबकि पूल एच में मणिपुर हॉकी, हॉकी बंगाल, हॉकी बिहार और असम हॉकी शामिल हैं।



# भारत पांच साल में पेट्रोलियम, रत्न, चीनी निर्यात में वैश्विक 'खिलाड़ी' के रूप में उभरा

**नयी दिल्ली :** पिछले पांच साल के दौरान भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पेट्रोलियम, रत्न, कृषि रसायन और चीनी जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भारत ने 2018 और 2023 के दौरान इन क्षेत्रों में वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल सामान, न्यूमेटिक टायर, नल और वॉल्व, तथा सेमीकंडक्टर उपकरणों में भी हिस्सेदारी बढ़ी है। मंत्रालय के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2023 में पेट्रोलियम निर्यात बढ़कर 84.96 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इसके साथ ही वैश्विक व्यापार में भारत की बाजार हिस्सेदारी 2018 के 6.45 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12.59 प्रतिशत




हो गई। इस श्रेणी में भारत पांचवे स्थान से बढ़कर दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया। कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के क्षेत्र में वैश्विक निर्यात में देश की हिस्सेदारी 2018 के 16.27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 36.53 प्रतिशत हो गई है। इस श्रेणी में देश वैश्विक व्यापार में दूसरे स्थान से शीर्ष पर आ गया। इसी तरह चीनी निर्यात 2018 के 93 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 3.72 अरब डॉलर हो गया। इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 4.17 प्रतिशत से बढ़कर 12.21 प्रतिशत हो गई। कीटनाशकों और कवकनाशकों के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी में भी अच्छी वृद्धि हुई। अंतरराष्ट्रीय कृषि और पर्यावरण मानकों को पूरा करने की भारत की क्षमता और कृषि रसायनों में नवोन्मेषण पर ध्यान देने की वजह से ऐसा संभव हो पाया। इसके अलावा रबड़ न्यूमेटिक टायर, सेमीकंडक्टर और फोटोसेंसिटिव उपकरणों के वैश्विक व्यापार में भी देश की स्थिति मजबूत हुई है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के नतीजों, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी बाजार की दिशा

**नयी दिल्ली :** अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों और घरेलू कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों ने कहा कि यह सप्ताह काफी घटनाक्रमों वाला रहेगा। सप्ताह के दौरान कई वृहद आर्थिक आंकड़े आने हैं, जो बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इसके अलावा वैश्विक रुख से भी बाजार को दिशा मिलेगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, 'यह सप्ताह वैश्विक मोर्चे पर घटनापूर्ण होने वाला है। पांच नवंबर को होने वाला अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर सभी की निगाह है। इसके अलावा अमेरिकी एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक महत्वपूर्ण होगी। भू-रजनीतिक दबाव और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार को प्रभावित करेंगी।'' मीणा ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर दूसरी तिमाही के नतीजों का अंतिम चरण काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। साथ ही सभी की निगाह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख पर रहेगी। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड की निदेशक पल्का अरोड़ा चोपड़ा ने कहा, 'बाजार का परिदृश्य अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव और एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई, सेवा पीएमआई, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, अमेरिकी एसएंडपी ग्लोबल कम्पोजिट पीएमआई, ग्लोबल सेवा पीएमआई और बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) के ब्याज दर पर निर्णय से दिशा लेगा।' प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने एक नवंबर को दिवाली के अवसर पर एक घंटे का विशेष 'मुहूर्त कारोबार' आयोजित किया, जो नए संवत 2081 की शुरुआत का प्रतीक है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह निवेशकों की निगाह अमेरिकी बाजार के घटनाक्रमों पर रहेगी।

## तकनीकी खर्च में मंदी नहीं, एआई कोपायलट को लेकर बहुत चर्चा: माइक्रोसॉफ्ट इंडिया

**नयी दिल्ली :** माइक्रोसॉफ्ट के भारत और दक्षिण एशिया अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने कहा कि उन्हें भारत में प्रौद्योगिकी खर्च में कोई मंदी नहीं दिख रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई के इर्दगिर्द काफी गतिविधियां हो रही हैं और माइक्रोसॉफ्ट के एआई टूल कोपायलट को लेकर बहुत चर्चा है। उन्होंने कहा कि कोपायलट के उपयोग मामलों में वृद्धि के साथ एआई सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में शामिल है। चंडोक ने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में बताया कि एआई के बारे में आम धारणा संदेह से उम्मीद में बदल गई है। कंपनी लगातार उन क्षेत्रों पर नजर रख रही है, जहां उसे निवेश करने की जरूरत है। उन्होंने भारत को माइक्रोसॉफ्ट के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि भारत में प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए बहुत से अवसर हैं। चंडोक ने इस बात पर जोर दिया कि माइक्रोसॉफ्ट सभी विनियामक आवश्यकताओं और नए विकसित ढांचों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोपायलट एआई का पर्याय बन गया है और वह भारत में इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। चंडोक ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट एक ऐसी शक्ति बनना चाहती है, जो भारत और दक्षिण एशिया को आगे बढ़ाए।

## केनरा बैंक का दूसरी छमाही में 6,000 करोड़ रुपये के 'डूबे कर्ज' की वसूली का लक्ष्य

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में करीब 6,000 करोड़ रुपये के 'डूबे कर्ज' की वसूली का लक्ष्य रखा है। केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के सत्यनारायण राजू ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'हमें तीसरी तिमाही में लगभग 3,000 करोड़ रुपये और चौथी तिमाही में भी इतनी ही राशि की वसूली की उम्मीद है।' बैंक ने दूसरी तिमाही में 2,905 करोड़ रुपये की वसूली की है, जिसमें बट्टे खाते में डाले गए खातों से वसूली भी शामिल है। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह इस वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में आ सकता है। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) के आईपीओ के लिए वित्त मंत्रालय से मंजूरी जल्द मिलने की उम्मीद है। बैंक के पास इस म्यूचुअल फंड कंपनी में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसकी आईपीओ के माध्यम से 13 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना है। पिछले दिसंबर में केनरा बैंक ने आरंभिक शेयर बिक्री द्वारा अपनी म्यूचुअल फंड अनुषंगी कंपनी को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। सूचीबद्ध होने पर यह शेयर बाजार में शामिल होने वाली पांचवीं म्यूचुअल फंड कंपनी हो जाएगी।

## गुजरात में बुलेट ट्रेन गलियारे के लिए 12 नदी पुलों का निर्माण पूरा

**अहमदाबाद :** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारे के लिए गुजरात में कुल 20 नदी पुल में से 12 का निर्माण पूरा हो गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारा कुल 508 किलोमीटर लंबा है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने कहा कि गुजरात के नवसारी जिले में खरेरा नदी पर 120 मीटर लंबा पुल हाल में पूरा हुआ। इसके साथ ही 12 पुल का निर्माण पूरा हो गया है। बुलेट ट्रेन परियोजना में गुजरात का 352 किलोमीटर और महाराष्ट्र का 156 किलोमीटर हिस्सा शामिल है।

THE CALCUTTA ELECTRIC TRADERS ASSOCIATION
On this auspicious festival of lights may fill your life
with the glow of happiness and the sparkle of joy...
Wishing you a
"HAPPY DEEPAWALI"

Office Bearers
SRI ASHIS AGARWAL - President
SRI PULKIT CHANDGOTHIA - Vice-President
SRI JITENDRA SURANA (JITU) - Secretary
SRI AMIT JHUNJHUNWALA - Treasurer

Joint Secretaries
SRI MANISH GUPTA
SRI PRAKASH KUMAR SINGH

Ex-officio
SRI UMAKANT AGARWAL (BUNTY)

Executive Committee members 2024-25
Sri Arun Kothari
Sri Bhanwar Lal Baid
Sri Chandresh S. Meghani
Sri Gautam Begani
Sri Jigar M. Thakrar
Sri Krunal Shah
Sri Kushal Todi
Sri Mohit Ginodia
Sri Rajat Goyal
Sri Ravi Bhandari
Sri Rohit Chhajer
Sri Santosh Kundalia
Sri Shree Lal Kothari
Sri Vinit Mittal
Sri Vishal Sarda
Sri Yashasvi Todi
Sri Arvind Kumar Daga, Invitee
Sri Manish Chaturvedi, Invitee
Sri Ramesh Baid, Invitee

Social & Cultural Sub-Committee members
Sri Kushal Todi, Convenor
Sri Ashok Kumar Banka
Sri Gautam Begani
Sri Giriraj Mundhra
Sri Kamal Kumar Surana
Sri Minesh Thakrar
Sri Pramod Todi
Sri Sanjay Kumar Singhi
Sri Saurav Kumar Somani
Sri Yashasvi Todi

वर्ष 9, पूर्णांक 4048 अंक 198, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in